## खबर संक्षेप

### माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा फ्री समर क्लासेस का आयोजन

**सौंसर।** माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा फ्री समर क्लासेस का आयोजन 3 मई से किया जा रहा है,समर कैम्प के दौरान महिलाओं को आसानी से घर में बैठे-बैठे ही कैसे विभिन्न प्रकार के सामग्री के साथ-साथ खाद्य पदार्थों का निर्माण कर सकते इस पर मार्गदर्शन दिया जा रहा है,प्रथम दिन श्रीमती प्रियंका बागनी ने ठंडे-ठंडे पेय पदार्थ केसे आसानी से घर मे बना सकते है इस पर जानकारी दि,श्रीमती मोना मालानी सचिव मंजरी की गोदानी ,श्रीमती मोनिका भट्टड ने फायरलैस कुकिंग में तीन तरीके की डिशेस सिखाई,श्रीमती श्वेता बागानी ने शादी त्योहार आदि के लिए गिफ्ट हैंपर की विधि बताई,श्रीमती राखी सावल,डॉ नेहा भट्टड श्रीमती प्राची माहेश्वरी ने फोन से रिलेटेड अच्छे-अच्छे जानकारियां दी और कैसे फोन वीडियो बनाएं कटिंग करें म्यूजिक ऐड करें आगे आदि सभी चीजों के बारे में सिखाया,श्रीमती भूमिका जाखोटिया ने केक बनाने के साथ बेकिंग की अच्छी-अच्छी टिप्स के बारे में जानकारी दि, फ्री समर क्लास कैम्प का माहेश्वरी महिला मंडल के सबसे अधिक सदस्य ने लाभ लिया।

## उमरानाला रेस्ट हाउस में लोकायुक्त टीम ने दिया कार्रवाई को अंजाम

# आजीविका मिशन का अधिकारी निकला रिश्वतखोर





हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिन्दवाडा

जिले में लगभग हर माह ही लोकायुक्त की कार्रवाई होती रहती है क्योंकि भ्रष्टाचार चरम पर है। परंतु पिछले दो माह से लोकायुक्त की टीम ने जिले में कोई दबिश नहीं दी तो लग रहा था कि परम्परा कैसे टूट रही है। शुक्रवार को लोकायुक्त की टीम ने दबिश ने इस परम्परा को कायम रखा। जब दस हजार रूपए की रिश्वत लेते मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मैनेजर राजीव चौधरी को लोकायुक्त की टीम ने रंगे हाथ पकड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजीव चौधरी ने योजना से संबंधित ऋण दिलाने के एवज में महिला एसएचजी ग्रुप से दस हजार रूपए रिश्वत की मांग की थी जिसे योजनाबद्ध तरीके से ट्रेप कराकर रिश्वतखोर अधिकारी को धरदबोचा।

राजीव चौधरी को टीम ने रंगे हाथ मौके पर ही गिरफ्तार कर उमरानाला रेस्ट हाउस लाया जहां पर आगे की पूछताछ और दस्तावेज की कार्रवाई सुनिश्चित की गई। लोकायुक्त की टीम की जिले में दबिश से भ्रष्टाचारियों में हड़कंप मच गया। परंतु बेशर्म हो गए रिश्वतखोर अभी भी बाज नहीं आएंगे। आने वाले समय में लोकायुक्त की कार्यवाहियों की जिले को नितांत आवश्यकता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मोहखेड़ के ब्लॉक प्रबंधक राजीव चौधरी ने ग्रुप की महिला नागरे से रिश्वत की मांग की थी जिस पर स्वसहायता की अध्यक्ष सोनिया बोहत ने शिकायत की थी। दस हजार रूपए की रिश्वत लेते ट्रेप हुए राजीव चौधरी को रंगे हाथ पकड़ने में लोकायुक्त इंस्पेक्टर रेखा प्रजापति के साथ नरेश मेहरा, जितेन्द्र यादव के साथ टीम के अन्य सदस्य थे।

दरअसल मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन में भारी भ्रष्टाचार चल रहा है। यह तो यह झांकी है देखना बहुत कुछ बाकी है। लोकायुक्त की टीम अगर सही तरीके से जांच करें तो रिश्वतखोरों के कई गुर्गे बेनकाब हो सकते है। आवश्यकता है इन रिश्वतखोरों को गंभीरता के साथ जांच कर जनता के समक्ष उजागर करने की। अगर लोकायुक्त की टीम सूक्ष्मता से जांच करती है तो बहुत जल्दी ही जिले में कई छापे पड़ सकते हैं।

## 15 मई तक अभियान जारी

# ई-केवायसी नहीं कराने वाले 13 राशन दुकानदारों पर लगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिन्दवाडा

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत शासकीय उचित मूल्य दुकानों से हितग्राहियों को सुचारु रूप से खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी कराना अनिवार्य किया गया है। राज्य शासन के निर्देश पर 15 मई 2025 तक ई-केवायसी का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस बीच जिन दुकानदारों ने ई-केवायसी का लक्ष्य समय पर पूरा नहीं किया, उन पर कार्रवाई की गई है।

जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि अनुविभाग छिंदवाड़ा क्षेत्र की 13 उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओं पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 की कंडिका-18 का उल्लंघन करने पर कंडिका-16 के तहत अर्थदंड आरोपित किया गया है। जिन दुकानों पर कार्रवाई की गई है उनमें मोहगांव, चन्हियाकला ,सुसरई, पौनार, परासिया-बैतूल, अंबामाली, उमरडोह, महलारीबाकुल, बीसापुरकला, भुताई, डोडिया, मैनीखापा और लिंगा शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि यदि किसी भी दुकानदार द्वारा ई-केवायसी कार्य में लापरवाही बरती जाती है तो विधिसंगत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही हितग्राहियों से अपील की गई है कि वे 15 मई तक अपनी ई-केवायसी अवश्य करा लें, क्योंकि निर्धारित तिथि के बाद बिना ई-केवायसी वाले हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण पर रोक लग सकती है।

### दुकानदारों के काटे चालान

**छिंदवाड़ा।** नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के निर्देश पर निगम का अतिक्रमण दल शहर के विभिन्न स्थानों में कार्यवाही का रहा है। इसी क्रम में अतिक्रमण दल द्वारा गल्ला बाजार में दुकानदारों द्वारा सड़क में रखा समान हटाकर जप्त किया गया। इसके बाद अतिक्रमण दल उपयंत्री शशांक इनवाती एवं दिलीप सिंह ने दुकानदारों पर 9300/- रुपए की जुर्माना राशि वसूल कर दुकानदारों को पुनः सड़क पर सामान न रखने की हिदाय देते हए सामना वापस किया।

# प्रबंधन की लापरवाही से जल रहा कोयला- सोहन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ परासिया

पेंच कोयला क्षेत्र की उरधन कोयला खदान में बीते 15 दिनों से कोल स्टाक में आग लगी हुई है । जिसको लेकर श्रमिक संगठन इंटक ने प्रस वार्ता आयोजित की । जिसमें इंटक अध्यक्ष और विधायक सोहन लाल वाल्मीकि ने प्रबंधन को लापरवाह ठहराया है । साथ ही यह भी कहा , कि कोयला जलने ने कंपनी को करोड़ों का नुकसान हो रहा है ।गौरतलब है , कि कोयला खदानों में मौजूद कोल स्टाक में आग लगना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है , लेकिन इस आग को बुझाना प्रबंधन की जिम्मेदारी है।

इंटक रिजनल आफिस चांदामेटा में आयोजित प्रेस वार्ता में कोल स्टाक में लगी आग को बुझाने के लिए प्रबंधन द्वारा किए जा रहे प्रयासों को औपचारिकता बताया गया है । प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए इंटक अध्यक्ष विधायक श्री वाल्मीकि ने बताया , कि आग पर जो पानी छिड़काव किया जा रहा है , उससे आग बुझना संभव नहीं लग रहा है । पानी के लिए जो पाईप लाईन लगाई गई है , वह कई जगहों से लीकेज है । जिससे जितने प्रेशर और मात्रा में पानी आना चाहिए नहीं आ रहा है । उन्होंने बताया , कि उरधन कोयला खदान में 4 लाख टन कोयले का स्टाक है , जिसमें आग लगी हुई है । जिससे कंपनी को करोड़ों का नुकसान हो रहा है , जिन मजदूरों ने अपनी जान जोखिम में डालकर कोयला निकाला है , उनकी मेहनत जाया हो रही है । इसके अलावा कोयले की आग और धुएं से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है ।

उरधन , नेहरिया , झुर्रे और आसपास के रहवासी प्रदूषित वातावरण में रहने को मजबूर हैं । इस मामले को लेकर श्री वाल्मीकि ने सी एम डी ( वेकोलि नागपुर ) से भी चर्चा की है । खबर है , कि सी एम डी ने पेंच जी एम अनूप हंजूरा का हैड क्वार्टर तलब किया है । प्रेस वार्ता में श्री वाल्मीकि के अलावा महामंत्री भगवान दीन , इंटक नेहरिया शाखा अध्यक्ष मनोज तिवारी , इंटक नेता अलाउद्दीन खान , एफाज खान , साबिर खान , कमल सिंह राठौर , महेन्द्र पवार और मनोज साहू मौजूद रहे ।

### डिस्पेच और स्टाक रखने में लापरवाही

प्रेस वार्ता में श्री वाल्मीकि ने कहा , कि उरधन कोयला खदान में कोयले का प्रतिदिन 3 से 4 हजार टन का उत्पादन है , लेकिन डिस्पेच प्रतिदिन 15 सौ टन का ही है । प्रबंधन द्वारा डिस्पेच में व्यापक लापरवाही की जा रही है । कोयले के भंडारण में भी लापरवाही है। प्रबंधन को मालूम है , कि कोयले में आग लगने की घटना अक्सर होती है , इसके बावजूद भी कोयला एक ही स्थान पर बड़ी मात्रा में इकट्ठा किया जाता है , जबकि यही स्टाक कम मात्रा में 6 - 6 फिट की दूरी में किया जाए तो कोयले में आग लगने से रोका जा सकता है । श्री वाल्मीकि ने बताया , कि उरधन कोयला खदान में करोड़ों की लागत से सी एच पी प्लांट लगाया है। जिससे कोयला क्रश किया जाता है , लेकिन यह प्लांट शोभा की सुपारी बना हुआ है । यहां कोयला क्रश नहीं किया जा रहा है । व्यापारियों को स्टीम कोयला दिया जा रहा है , जबकि स्टीम कोयले और क्रश्ड कोयले के रेट में अंतर होता है । इस मामले में भी प्रबंधन की लापरवाही से कंपनी को आर्थिक नुकसान हो रहा है ।

### सांसद से मिले सफाई कर्मचारी , बताई समस्या

**परासिया :-** अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी कल्याण संघ (ट्रेड यूनियन) से जुड़े नगर पालिका परिषद डोंगर परासिया के 18 फिक्स वेतन सफाई कर्मचारी शुक्रवार को छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र के सांसद विवेक 'बंटी' साहू से मिले । उन्होंने सांसद को अपनी वेतन संबंधी समस्याओं से अवगत कराया ।29 अप्रैल स हड़ताल पर चल रहे सफाई कर्मचारियों ने सांसद को बताया , कि वे पिछले 8 वर्षों से निरंतर सफाई का कार्य कर रहे हैं, किंतु उन्हें मात्र 6000 मासिक वेतन दिया जा रहा है । जिसमें से ईपीएफ कटौती के बाद 5280 ही हाथ में मिलते हैं । उन्होंने बताया , कि इस महंगाई के दौर में ना ही घर का खर्च इतने कम वेतन में चल पाता है , न बीमार पड़ने पर इलाज संभव है और न ही बच्चों को अच्छे स्कूलों में पढ़ाया जा सकता है ।उन्होंने यह भी बताया , कि अन्य निकायों में कर्मचारियों को कलेक्टर दर के अनुसार 454 प्रतिदिन अथवा 13620 मासिक वेतन दिया जाता है । जबकि डोंगर परासिया नगर पालिका के अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा वेतन वृद्धि को लेकर कोई सकारात्मक पहल नहीं की जा रही है । सभी सफाई कर्मचारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा किए जा रहे शोषण तथा उनके तानाशाही रवैये से भी सांसद को अवगत कराया ।

# पांच ग्राम पंचायतों को मिला 82 लाख जलकर जमा करने का नोटिस

## 15 दिनों की मिली मोहलत, सरपंच संघ ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ परासिया

पेंच व्हेली जल प्रदाय परियोजना से विकासखंड की पांच ग्राम पंचायतों को पीएचई द्वारा मंधान डैम से पानी सप्लाई किया जाता है । पीएचई द्वारा जल संसाधन विभाग के पत्र का हवाला देते हुये कहा गया है , कि ग्राम पंचायतों को पानी सप्लाई के एवज मे पिछले दो वर्ष के जलकर का भुगतान करना होगा तथा नया अनुबंध भी करना पड़ेगा । गौरतलब है , कि ग्राम पंचायतों को महीने मे मात्र 6 बार ही पीएचई द्वारा पानी आपूर्ति की जाती है । भारी भरकम जलकर का नोटिस मिलने के बाद ग्राम पंचायतों में हडकंप है , क्योंकि किसी भी पंचायत की आर्थिक स्थिति ऐसी नही है जो मांग का दस प्रतिशत भी जमा कर सके ।

ग्राम पंचायत भमोड़ी को 19 लाख 44 हजार , इकलेहरा 6 लाख 48 हजार , जाटाछापर 25 लाख 92 हजार , भाजीपानी 4 लाख 32 हजार , अंबाड़ा पंचायत को 25 लाख 92 हजार रूपये जमा करने का नोटिस दिया गया है । सरपंच संघ अध्यक्ष विपिन श्रीवास्तव ने कहा कि इस तरह का निर्णय एकतरफा तथा अव्यहारिक है । ग्राम पंचायतें जलकर के रूप में मामूली राशी वसूल करती है । पाइप लाइन , जल संधारण व्यवस्था एवं कर्मचारियो पर बड़ी राशि व्यय होती है । जिसका अधिकांश भुगतान पंचायत को अपने कोष से करना पड़ता है । इतनी बड़ी राशि का भुगतान करना संभव नही है । इस संबंध मे सरपंच संघ का प्रतिनिधि मंडल शीघ्र उच्च अधिकारियों से मिलकर अपनी बात रखेगा ।नगरीय निकायों को 84 लाख रूपये का नोटिस :- नगरीय निकायों को भी जलकर विभाग ने नोटिस जारी किया है । इन्हें भी मंधान डैम से पानी आपूर्ति होती है । न्यूटन को मंधान से सप्लाई नही होती है इसलिये इन्हे जलकर जमा करने का नोटिस नही दिया गया है । नगरपालिका परासिया को 25 लाख 92 हजार , चांदामेटा नगर परिषद को 32 लाख 40 हजार तथा बड़कुही को 25 लाख 92 हजार रूपये जलकर जमा करने के लिये कहा गया ।



नियम व शर्त : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

# लगातार हो रही आगजनी की घटना से खाक में मिल रहे तामिया बीट के पेड़ पौधे

## मैदानी वन अमला हो रही लगातार घटना के बाद भी नहीं ले रहा सबक



हरिभूमि न्यूज ▸▸ तामिया

पश्चिमी वन मंडल के उपवनमंडल तामिया के अंतर्गत आने वाली रेंज तामिया, देलाखारी, झिरपा, सांगाखेड़ा में सागौन कटाई रेत का अवैध खनन वन भूमि में अतिक्रमण होना आम बात है। इस तरह इस उप मंडल में वन संपदा को हानि लगातार हो रही है जिसके लिए रेंजर को पूर्ण रूप से जिम्मेदार ठहराया जा सकते हैं क्योंकि उनका अपने ही नाकेदारो पर नियंत्रण नहीं है और उनके लिए बने नाको पर निवास नहीं करते जिस कारण जंगल को हानि पहुंचाने वाले बेफिक्र रहते हैं कि जब जंगल में कोई है नहीं तो डर किस बात का लेकिन इस बार इन अंतिम छोर के वन कर्मियों की लापरवाही से रेंज के जंगल में आग लगी और जंगल का बहुत हद तक भू भाग इस आगे की चपेट में आ गया जिससे वन संपदा के साथ-साथ वन प्राणियों के अलावा प्रकृति द्वारा दिए गए छोटे पौधे आग में जलकर खाक हो गये। इस आग से जंगल का घनत्व कम होना तय है! लग रही जंगल में आग से किसी भी रेंजर ने सबक नहीं लिया और यह आग दिन प्रतिदिन आज भी जंगलों में लगी देखी जा सकती है। इस कारण पेड़ पौधे नष्ट होते चले जा रहे हैं। तामिया रेंज में ही आग लगने का गंभीर मामला एक माह से देखने मिल रहा है, लेकिन सबसे नजदीक यदि जंगल जले और उसे पर कोई प्रयास न हो इसे गंभीर मामला शायद और कहीं ना होगा। उदाहरण के तौर पर कैचमेंट एरिया जल ग्रहण मिशन क्षेत्र के कैंपा मद से वन परिक्षेत्र तामिया वन समिति दलेल बखारी के माध्यम से यहां पर हजारों पौधे लगाए गए थे, लेकिन लापरवाही एवं देख रेख के अभाव में नहीं पनप सके और सरकार का पैसा और प्रयास दोनों असफल हुए। कैंपा मद ऐरिया में पिछले एक माह से आग लगने का सिलसिला जारी है। इस कारण यहां पर सरई के प्रकृति द्वारा दिए पौधे जो नर्सरी में रोपित नहीं किया जा सकते हैं, वह आग लगने के कारण भस्म हो रहे हैं। इस तरह हजारों पौधों के रूप में प्रकृति को हानि हुई यदि किसी की निजी हानि होती तो इसका आकलन होता लेकिन प्रकृति की हानि के आकलन से परे है।

ऐसा ही नजरा आज सुबह बखारी पहाड़ी के नीचे जंगल में आग लगी जो घंटो से सुलगती रही और पौधे जलते रहे वहीं कुछ राहगीरों ने इन पौधों को जलने से बचने के लिए प्रयास की ओर जैसे-जैसे मशक्कत के बाद आग बुझाई गई, लेकिन पिछले 1 माह से विश्रामगृह एवं रेंज ऑफिस के पीछे के क्षेत्र में आग लग रही है जिससे विभाग आसामाजिक तत्वों का कारनामा बतलाकर पल्ला झाड़ने का प्रयास कर रहा है, जबकि प्रयास तो जंगल और जंगल के पौधे बचाने का होना चाहिए। लेकिन विश्रामगृह के पास कैंप मद के क्षेत्र में लगातार आग लगे और उसे पर कोई ध्यान नहीं देना रेंजर सहित डिप्टी रेंजर नाकेदार की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े करता है।

जिले के आला अधिकारी तामिया का वन अमला भी इतने दिनों से नजदीकी जंगल में लग रही आग से अनजान है या फिर जानबूझकर अनजान बने बैठे हैं, लेकिन वन अमले की लापरवाही का खामियाजा वन संपदा के रूप में प्रकृति एवं पर्यावरण को भुगतना पड़ रहा है। यदि शीघ्र जंगल की चौकसी भ्रमण नहीं किया गया तो यह आग दिन प्रतिदिन लगती रहेगी और लगने वाली आग से पौधे और वन संपदा नष्ट होती रहेगी। अब ठोस प्रयास करने होंगे जिससे वर्षा काल तक आग लगने की घटना पर अंकुश लगाया जा सके और जंगल को आग से बचाया जाए।

## केवायसी की आड़ में अधिकारी राशन वितरण पर मनमानी रोक लगाकर बैठे

# गरीब की थाली से खिलवाड़, 10 तारीख तक भी नहीं बंटा राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

शासन की अतिमहत्वाकांक्षी सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजना इस बार जुन्नारदेव विकासखंड में अव्यवस्था की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। केवायसी (KYC) की आड़ में अधिकारी राशन वितरण पर मनमानी रोक लगाकर बैठे हैं। इसका सीधा खामियाजा उन गरीब परिवारों को भुगतना पड़ रहा है, जिनकी आजीविका का एकमात्र सहारा यही राशन होता है। स्थिति यह है कि 10 तारीख बीत जाने के बावजूद 90% से अधिक राशन दुकानों में अब तक वितरण शुरू नहीं हुआ है। हजारों हितग्राहियों को अभी तक एक दाना राशन भी प्राप्त नहीं हो पाया है।



**अधिकारियों की मनमानी या गाइडलाइन की गलत व्याख्या:** सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस हेतु जिम्मेवार अधिकारी केवायसी अपडेट को अनिवार्य मानते हुए राशन वितरण रोक चुके हैं, जबकि शासन की ओर से ऐसा कोई स्पष्ट आदेश नहीं है कि जिन हितग्राहियों का केवायसी पूरा नहीं हुआ है, उन्हें राशन से वंचित किया जाए। यह सीधे तौर पर नियमानुसार सेवा में बाधा मानी जा सकती है।

**जनता में रोष, मांग उठी कार्यवाही की** आलम यह है कि गरीब परिवारों को दो वक्त की रोटी जुटाना मुश्किल हो गया है। प्रभावित नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि अविलंब राशन वितरण शुरू करवाया जाए तथा दोषी अधिकारियों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए।सरकार की योजनाएं तभी सफल मानी जाती हैं जब उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक समय पर पहुंचे। परंतु जुन्नारदेव की यह स्थिति बताती है कि कहीं न कहीं जमीनी स्तर पर गम्भीर लापरवाही बरती जा रही है, जिसकी जवाबदेही तय होना आवश्यक है।जुन्नारदेव विकासखंड में प्रत्येक माह की 5 से 10 तारीख के बीच राशन वितरण की प्रक्रिया 50प्रतिशत तक पूरी हो जाती है। परंतु इस बार केवायसी को आधार बनाकर अधिकांश दुकानों पर वितरण को रोक दिया गया है। राशन दुकानदारों के अनुसार उन्हें मौखिक रूप से यह कहा गया है कि किसी भी उपभोक्ता को राशन नहीं दिया जाए।लेकिन शासन की किसी भी आधिकारिक अधिसूचना में ऐसा कोई आदेश अब तक जारी नहीं हुआ है जिससे स्पष्ट हो कि केवायसी पूर्ण होने पर भी हितग्राहियों को राशन से वंचित किया जा सकता है। ऐसे में अधिकारियों द्वारा जारी की गई मौखिक हिदायतें संदेह के घेरे में हैं।

### जनता बेहाल, दुकानदार भी असमंजस में

स्थानीय हितग्राही परिवारों की स्थिति अत्यंत दयनीय है। अधिकांश ग्रामीण और निर्धन परिवार अपने मासिक खाद्यान्न की पूरी निर्भरता सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर रखते हैं। ऐसे में जब उन्हें इस पखवाड़े तक भी राशन नहीं मिल पाया है, तो दो वक्त की रोटी जुटाना चुनौती बन गया है।दूसरी ओर, राशन दुकानदारों को भी असमंजस का सामना करना पड़ रहा है। वे वितरण करना चाहते हैं, लेकिन अधिकारियों के आदेशों के चलते वे फंसे हुए हैं। "अगर हम राशन दें तो ऊपर से कार्यवाही की धमकी मिलती है, और न दें तो ग्रामीण नाराज़ होते हैं," – एक राशन दुकानदार ने नाम न छापने की शर्त पर बताया। क्षेत्र के हितग्राही हरीश, रामप्रसाद, भोला, शांताबाई, सचिन, संजय, अमित, सुनील, सेवक, कमलाबाई सहित अन्य हितग्राहियों ने शीघ्र ही राशन वितरण कराए जाने की मांग शासन प्रशासन से की है।

## श्रीकृष्ण सुदामा मित्रता की कथा का किया बखान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

जुन्नारदेव विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खापास्वामी के ग्राम भुतहा छावड़ी में चल रही भागवत कथा के सातवें दिन भागवत आचार्य रोहितनंद शास्त्री द्वारा श्री कृष्ण सुदामा मित्रता की कथा का वर्णन किया गया। भागवत आचार्य द्वारा कहा गया की मित्रता का भाव सर्वोपरि है और यह हर रिश्ते नाते से ऊपर है क्योंकि मित्र हम अपनी इच्छा से चुनते हैं और रिश्ते हमें बने हुए मिलते हैं। मित्र सुख-दुख का साथी होता है और वह एक अच्छा पथ प्रदर्शक भी होता है। भगवान श्री कृष्णा भी अपने बाल सखा सुदामा की दीन दशा देखकर भाव विभोर हो जाते हैं और उनके आगमन पर अपने आंसुओं से उनके पैरों को पखारते हैं। वह अपने दिन मित्र सुदामा पर अपनी कृपा बरसा कर उन्हें धन-धान्य से संपन्न कर देते हैं और मित्रता का सच्चा परिचय देते हैं। इस दौरान श्री कृष्ण सुदामा की आकर्षक झांकी प्रस्तुत की गई। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## 12 मई को संजय नगर में रमाई की प्रतिमा अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर



12 में सोमवार को सौसर नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी तथागत गौतम बुद्ध की 2668 जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, आयोजन को भव्य दिव्य बनाने के उद्देश्य को लेकर बौध्द अंबेडकरी संगठनों के द्वारा तैयारियां की जा रही है, मिली जानकारी के अनुसार सौसर नगर में डॉ बाबासाहेब आंबेडकर नवयुवक मंडल सौसर की ओर से बुद्ध जयंती पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है,आयोजन कमेटी से मिली जानकारी के अनुसार बुद्ध पौर्णिमा महोत्सव पर सोमवार 12 मई को ,बौद्ध विहार, में सुबह 10 बजे सामुहीक बुद्ध वंदना ओर बौद्ध विहार से डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर चौक तक धम्म रैलीशाम 6 बजे से परित्राण पाठ,धम्म प्रबोधन,भोजन वितरण,के साथ 14 अप्रेल डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जयंती समारोह में आयोजित विभीन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कारों का वितरण किया जाएगा,डॉ बाबासाहेब अंबेडकर नवयुवक़ मंडल के पदाधिकारी के द्वारा सभी समाज बंधुओ से आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील की है।

### आई रमाबाई आम्बेडकर की प्रतिमा का

सोमवार 12 मई को तथागत भगवान बुद्ध की जयंती के अवसर पर सुजाता महिला मंडल की ओर से प्रबुद्ध बौध्द विहार संजय नगर में आई रमाबाई भीमरावजी अंबेडकर की प्रतिमा अनावरण समारोह एवं बुद्ध जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, दोपहर 1 बजे प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा, इस दौरान प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के साथ-साथ, सामूहिक वंदना,धम्म प्रबोधन, भीम बुद्ध संगीतमय कार्यक्रम,भोजन वितरण आदि किया जाएगा, सुजाता महिला मंडल संजय नगर से मिली जानकारी के अनुसार प्रथम अवसर है जब सौसर क्षेत्र में डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी की जीवन संगिनी करोड़ो बहुजनो की आई रमाबाई अंबेडकर की प्रतिमा की स्थापना ओर अनावरण किया जा रहा है, इसके पूर्व अभी महिला मंडल के द्वारा तथागत भगवान गौतम बुद्ध एवं डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी के अस्ति कलश यात्रा का भव्य आयोजन संजय नगर में किया गया था, आयोजन में सभी समाज बंधुओ के साथ बौद्ध अंबेडकर की अनुयायियों के पदाधिकारी को आमंत्रित किया गया है।

## छात्रा सोनू हिंगवे का पवार समाज ने किया सत्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

संतरांचल पवार समाज संगठन सौसर ने मध्यप्रदेश में गणित संकाय में टॉप फाइव एवं जिला पांढुरना में प्रथम स्थान प्राप्त कर समाज परिवार माता पिंगला और पिता अशोक का नाम रोशन किया है,मिली जानकारी के अनुसारछात्रा सोनू का परिवार मजदूरी से भरन पोषण करता है, संसाधन विहीन होने के बाद भी इस बिटिया ने उपलब्धि हासिल की।पवार समाज संगठन पदाधिकारी अध्यक्ष प्रमोद पराड़कर, किशोर किनकर, मनोज पराड़कर, दिनेश धारपुरे, ओंकार पराड़कर, यश धारपुरे ने ग्राम मुंगनापार जाकर छात्रा का मुंह मीठा किया। और उसके उज्वल भविष्य की कामना की। छात्रा सोनू ने बताया कि वह एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर या प्रशासनिक अधिकारी बनकर आगे अपने भविष्य को नई दिशा धारा देना चाहती है,अभावग्रस्त परिस्थितियों में भी प्रदेश में पांचवा और जिले में पहला स्थान पाया है,मिडास कोचिंग प्राइवेट लिमि.के किशनसिंह ने बताया ऐसे मेहनत कश बच्चो का हम स्वागत करते है हमारा कोचिंग इस बिटिया को जेईई की तैयारी निःशुल्क कराएगा।

### भुवनेश्वरी ने किया बोरगांव का नाम रोशन

**बोरगांव।** ग्राम बोरगांव में दत्तराज कालबांडे सुपुत्री भुवनेश्वरी कालबांडे द्वारा देव संस्कृति पब्लिक स्कूल बोरगांव से शिक्षा ग्रहण करते हुए कक्षा 10 वीं के घोषित परीक्षा परिणामों में 98.40% अंक प्राप्त कर मध्यप्रदेश की मेरिट सूची में नौवा एवं पांढुरना जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर हमारे सौसर क्षेत्र का नाम पूरे प्रदेश में गौरवान्वित किया हैं,इस उपलब्धि पर विधायक विजय चौरे के द्वारा अपने साथियों के साथ में कालबांडे के निवास पर पहुंचकर छात्रा भुवनेश्वरी एवं परिवारजनों को बधाई देते हुए बालिका का स्वागत किया।इस दौरान विधायक विजय चौरे के द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जिले पूर्व सांसद नकुल नाथ और मेरे द्वारा हर संभव मदद करने हेतु आश्वस्त किया है,छात्रा की यह उपलब्धि अध्यन के प्रति निरंतरता,धैर्य एवं कठोर परिश्रम का परिणाम है। आपकी सफलता क्षेत्र की अन्य बेटियों और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का आधार बनेंगी। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राजेद्र यमदे,सरपंच बोरगाव पंकज दातारकर,घनश्याम कालपाण्डे,उमाजी चिपडे,प्रदीप कालपाण्डे आदि थे।

## श्री शिवमहापुरण ज्ञान यज्ञ कथा श्रवण कर आनन्द प्राप्त कर रहे भक्तजन

**दमुआ।** मृत्युलोक के देवता देवाधिदेव महादेव श्री महाकालेश्वर धाम मंदिर मोक्षधाम परिसर दमुआ में दिनांक 04 मई से 10 मई तक सात दिवासीय श्री महापुराण ज्ञान यज्ञ संगीतमय कथा का भव्य आयोजन चल रहा है श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ संगीतमय कथा का रसपान श्री पंडित रमाकान्त शास्त्री महाराज जी नर्मा परिक्रमावासी के मुखारबिन्द से कथा का वाचन किया जा रहा है जबिकि श्री शिवमापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का समय दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक कथा सुनाई जा रही है जिसका श्रवण करने भारी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण महिला पुरूष वृद्ध युवक युवती आदि सभी लोग पहुंच रहे है और कथा सुनकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे है श्री शिवपुराण ज्ञान यज्ञ कथा के चौथे व पांचवे दिन श्री शिवजी भगवान की महिमाका वर्णन किया गया और 8 मई को भक्त और भगवान के विषय पर विस्तार पूर्वक कथा सुनाई गइ्र एवं श्री शिवजी भगवान के भाव भक्ति का महत्व के समझाया गया श्री महाकाल सेवा समिति मोझधाम दमुआ के तत्वाधान मे 7 दिवसीय श्री शिवमहापुरण ज्ञान यज्ञ कथा के 6 वे दिन 9 मई को कथा सुनाई गई जिसमें श्री शिवमहापुरण ज्ञान यज्ञ कथा महत्व बताया गया और कथा वो है जो सभी को जीन सिखाती है मत जीओ 100 साल कम जीओ मगर शान से जीओ गंगा का जल कभी अशुद्ध नही होता इसी तरह अग्नि, हवा भी कभी अशुद्ध नही होती श्री शिव पार्वती जी की महिमा का वर्णन किया गया शिव पावर्ती का विवाह भी धूमधाम से सम्पन्न हुआ जहां सभी भक्त जन विवाह समारोह में सम्मिलित हुए और नाचते थिरकते हुए भर आंनद प्राप्त किया और भूत भगवान भोले नाथ की आरती भी सम्पन्न हुई।

# कृषि भूमि का रिकार्ड दुरूस्त कराने तथा रजिस्ट्री कराने वारासिवनी एसडीएम से लगाई गुहार

### मामला गर्रा निवासी बाबूलाल पटले का, पैसा देने के बाद भी नहीं हो रही हैं रजिस्ट्री

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** गर्रा निवासी बाबूलाल पटले उम्र 75 वर्ष पिता चैनसिंह पटले ने जानकारी देते हुए बताया कि इनके द्वारा 17 अप्रेल 2025 को अनुविभागीय अधिकारी वारासिवनी को लिखित शिकायत दर्ज कर बताया कि विरोधी कुशमन बाई पति बैजनाथ निवासी ग्राम झितर्रा तहसील केवलारी, जिला सिवनी की निवासी है, उसके मायके ग्राम कौड़िया मुरझड़ तहसील लालबर्रा, जिला बालाघाट खसरा नं. 277/5 एवं खसरा नं. 277/19 रकबा 1.65 एकड़ कृषि भूमि जो प्राप्त हुई भूमि को मैंने वर्ष 2014 में खरीद लिया हूँ और उक्त भूमि की रजिस्ट्री नही कर रहे है और कुशमन बाई का पुत्र नरेन्द्र ठाकुर द्वारा अपने मामा ओमकार, सुरज, दिनदयाल से मिलकर कुशमन बाई की जमीन को कुशमन बाई के रिकार्ड से हटाकर इन लोगो ने अपना नाम दर्ज कराकर उस जमीन को सरिता पटले को बेच दिया है, वह जमीन का रकबा अलग है, उसी में इन्होंने मेरी 1.00 एकड़ जमीन को विवाद मे डाल दिया है, जबकि कब्जा मेरा है, इसी प्रकार इन लोगो ने मेरी 6.00 एकड़ जमीन को कुंताबाई, बेगूबाई और कुशमनबाई का नाम हटाकर उस खसरा नंबर की जमीन को रकबा 0 कर दिये है। खसरा नं. 277/18, 280/7 कुल रकबा 1.50 एकड़ है, उस रजिस्ट्री दिनांक 16.09.2014 तो इन लोगो ने अपने नाम से रजिस्ट्री करा लिया, जबकि उस कार्यकाल मे पटवारी लोकेश बुर्डे था और इन लोगो ने 2 साल पुराना नक्शा बालीकराम ठाकरे पटवारी द्वारा दिया गया नक्शा से रजिस्ट्री करवायी गयी है और उसी तारीख में मैंने 4,50,000/- (चार लाख पचास हजार रुपये) कुशमन बाई के पुत्र नरेन्द्र ठाकुर को दिया हूँ और कुल मिलाकर मैंने आज तक कुशमनबाई और उनके पुत्र को 7,00,000/- (सात लाख रुपये) अभी तक दे चुका हूँ। अब मुझे बेगुबाई को 2,50,000/- (ढाई लाख रुपये) देना और कुंताबाई को 3,00,000/- (तीन लाख रुपये) देना है। इसलिये मैं अनुविभागीय अधिकारी जी से निवेदन करता हूँ कि कुंताबाई और बेगूबाई की जमीन को रिकार्ड दुरुस्त कर मुझे बेगूबाई और कुसमन बाई रजिस्ट्री करे और जगतराय पटेल के एकमात्र लड़के रामलाल, मंगलराय, हरलाल. तेजलाल, भेजलाल पांचो भाईयो को 15-15 एकड़ भूमि बटवारा आयी है, उसमे से तेजलाल के लड़के सुरज, ओमकार, दिनदयाल ने 3 एकड़ जमीन ने बेच दिये है, अब उनके पास मात्र शेष 12 एकड़ जमीन है, बाकी शेष जमीन मेरी है और लता चाबेकर पति नारायण धाबेकर ने खसरा नं. 277/12 एक एकड़ जमीन कुंताबाई से खरीदा है और चंदेल आर.आई. और भानूप्रसाद ठाकरे द्वारा मेरी खसरा नं. 277/19 पर लता चाबेकर का और मनीषा चाबेकर का कब्जा करवा दिया है और इसके बाद अभी हम थाने मे रिपोर्ट दर्ज करायी थी, वहां राजीनामा हो चुका है, जिसके बाद भी नारायण चाबेकर, लता चाबेकर कब्जा नही छोड़ रहे है और मनीषा चाबेकर ने खसरा नं. 277/12 की जमीन बेच चुकी है, उसका भी कब्जा पटवारी भानूप्रसाद ठाकरे ने मेरी जमीन खसरा नं. 277/19 में करवा दिया है। परंतु मैं जब भी तहसील ऑफिस जाता हूँ तो मेरी सुनवाई नही होती, भगा दिया जाता है। इस बीच मे इन तीनो भाई ने मेरी दांयी आंख फोड़ दिये है और इन लोगो ने कुल जमीन 6 एकड़ के नक्शे में हेराफेरी किये है। इन लोगो ने मेरे लगभग 60 पेड़ सागौन के काटे है।

### ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर किया चक्काजाम

# बेकाबू डंपर का कहर : 4 मवेशी की दर्दनाक मौत परिचालक सहित तीन अन्य घायल



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी से बोनकट्टा मुख्य सड़क मार्ग पर ग्राम खजरी में गुरुवार-शुक्रवार की मध्य रात्रि करीब 3 बजे के आसपास एक बेकाबू डंपर का जमकर कहर बरसा है. तेज रफ्तार डंपर ने अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक घर और दुकान को जबरदस्त टक्कर मार दी. जिससे दोनों ही बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए है. घर में लगी टीन की छत और कॉलम के गिरने से भीतर सो रहे 03 प्रवासी घायल हुए है जिसमें एक का पैर टूट गया है. डंपर का परिचालक मोहगांव (गंगेरूआ) निवासी नितेश जो हादसे के वक्त वाहन चला रहा था उसे भी गंभीर चोट आई है. घटना के बाद वाहन का स्टेयरिंग काटकर उसे जैसे-तैसे बाहर निकाला गया. घटना में परिचालक और प्रवासियों को मिलाकर कुल 04 लोग घायल हुए है सभी को सबसे पहले नजदीक के सरकारी अस्पताल कटंगी में प्राथमिक उपचार के लिए ले जाकर भर्ती करवाया गया वहां से सभी को जिला अस्पताल बालाघाट रेफर कर दिया गया है. बेकाबू डंपर ने घर और दुकान को टक्कर मारने से पहले मूक मवेशी को अपनी चपेट में लिया. जिससे दो भैंस, एक बैल और एक गाय की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. घर की छत गिरने से प्रवासियों की एक मोटर साइकिल भी बुरी तरह से नष्ट हो गई है. घटना के बाद चालक लिखन मौके से फरार हो गया. जिसकी पुलिस तलाश कर रही है. इस घटना के बाद ग्रामीणों ने पीड़ितों को नुकसानी भरपाई यानी वाहन मालिक से मुआवजा प्रदान कराने की मांग को लेकर सुबह 06 बजे से दोपहर 12 बजे तक चक्काजाम किया. जिस कारण छोटे-बड़े सभी तरह के वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई. विधायक गौरव सिंह पारधी, जिला पंचायत सदस्य केसर बिसेन, महेश बोरकर, आशुतोष बिसेन, सरपंच सरेन्द्र राहंगडाले के हस्तक्षेप के बाद डंपर मालिक और जनप्रतिनिधियों ने स्वेच्छा पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की और यह भरोसा दिया कि वाहन का बीमा है इससे उनके नुकसानी की भरपाई होगी तब कहीं जाकर ग्रामीणों की तरफ से चक्का जाम को समाप्त किया गया और आवागमन बहाल हुआ।

**यह लोग हुए घायल और लाखों का नुकसान:** प्राप्त जानकारी जानकारी अनुसार खजरी में तेज रफ्तार डंपर क्रमांक एमपी 22 जेड सी 3510 की टक्कर से खिलेंद्र तुरकर का मकान और दुकान दोनों ही नष्ट हो गए है. घर अब रहने लायक नहीं बचा है और दुकान में रखी फोटो कॉपी मशीन सहित अन्य उपकरण बर्बाद हो चुके है. हादसे में खिलेंद्र तुरकर की दो भैंसों की मौत हो गई है. जबकि खिलेन्द्र के पड़ोस में ही रहने वाले बलिराम सोनवाने के एक बैल, एक गाय की मौत हो गई और एक बैल गंभीर रुप से घायल हुआ है. हादसे में जो तीन लोग प्रवासी घायल हुए है उनकी पहचान मांगीलाल पिता गोंदू बंजारा, अंबालाल पिता मांगीलाल बंजारा दोनों निवासी नागझरी जिला उज्जैन और प्रभु लाल पिता लक्ष्मण बंजारा निवासी नारजीपाड़ा जिला रतलाम के रुप में हुई है. यह चटाई बेचने का काम करते है और खजरी में खिलेन्द्र तुरकर के यहां किराए से ठहरे हुए है. एक अनुमान के मुताबिक हादसे में खिलेन्द्र राहंगडाले को करीब 08 से 10 लाख रुपए तक का आर्थिक नुकसान का अनुमान है. वहीं मवेशियों की मौत होने से बलिराम सोनवाने को भी करीब ड़ेढ़ लाख का अनुमान लगाया गया है।

### लांजी जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत नेवरवाही का मामला

# एसडीएम के आश्वासन पर पंच ने की हड़ताल समाप्त



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर बैठी महिला पंच ने एसडीएम के आश्वसन के बाद शुक्रवार को अपनी भूख हड़ताल समाप्त की। जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत लांजी क्षेत्र के ग्राम पंचायत नेवरवाही की पंच हसीना वाहने की सीएम हेल्पलाइन व जनसुनवाई में फरियाद लगाने के बावजूद न्याय नहीं मिला। इस पर उन्होंने भूख हड़ताल का रास्ता अख्तियार कर लिया। इसके पूर्व 29 अप्रेल से एक मई तक धरना पर बैठी। इसके बाद दो मई से भूख हड़ताल शुरू कर दी थी। इसकी जानकारी पर आठवें दिन शुक्रवार को एसडीएम लांजी कमलचंद सिंहासर मौके पर पहुंचे और सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। इसके बाद पंच को जूस पिलाकर भूख हड़ताल समाप्त करवाया। पंच वाहने ने कहा कि यदि मेरी जनहितैषी मांग नहीं पूरी हुई तो मैं फिर भूख हड़ताल करुंगी।

एसडीएम लांजी कमलचंद सिंहसार ने बताया कि ब्रिज कॉर्पोरेशन से बात हुई है। दो दिन में पुल के दोनों तरफ सडक़ बनाने का टेंडर लग जाएगा। बारिश के पूर्व उसे बनवा दिया जाएगा। सरपंच के स्वीकृत पीएम आवास के मामले में भौतिक सत्यापन करवा लिया गया है। जल्द ही इसकी रिपोर्ट तैयार कर नियमानुसार कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा। ग्राम पंचायत सचिव के पदस्थापना के लिए जिला पंचायत सीइओ को पत्र लिखा जाएगा। इसमें कार्रवाई का अधिकार उन्हीं को हैं। एसडीएम के साथ नायब तहसील संजय बारस्कर भी पहुंचे थे। वही पंच का हाल जानने धरना स्थल पर बसपा जिला कोषा अध्यक्ष देवा जी रामटेके, राष्ट्रीय ओबीसी, एसटी, एससी, क्रांति मोर्चा प्रदेश संयोजक, बापड़ी सरपंच खेमराज (डॉन) मच्छिरके, बसपा विधानसभा उपाध्यक्ष ईश्वर मानकर, समाजसेवी राजकुमार नागेश्वर भी पहुंचे थे।

## भारत की सांस्कृतिक एकता के पुरोधा आचार्य शंकर



**हरिभूमि न्यूज उकवा।** शंकराचार्य जी की जयंती के उपलक्ष में आज व्याख्यान माला का आयोजन मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद बैहर द्वारा शासकीय अरण्य भारती महाविद्यालय बैहर सभगार में किया गया कार्यक्रम के आयोजन की रूपरेखा विकासखंड समन्वयक द्वारा रखी गई जिसमें बताया गया कि शंकराचार्य जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम संपूर्ण मध्यप्रदेश में हो रहे हैं आचार्य शंकर ने भारत भ्रमण करके भारत की एकता अखंडता और संस्कृति को नई पहचान देकर भारत में धर्म की स्थापना की थी इन्ही विचारों के3 प्रचार प्रसार हेतु व्याख्यानमाला का आयोजन किया जा रहा है।कार्यक्रम में अतिथि श्री तीरथ प्रसाद दिवेदी ने कहा कि हमारी मध्यप्रदेश शासन समाज शासन और संतों के साथ मिलकर ओम्कारेश्वर में 108 फीट ऊंची प्रतिमा ओमकारेश्वर में लगाई गई है उसमें हम सबका महत्वपूर्ण योगदान है हम जन अभियान परिषद के माध्यम से जन जागरूकता के कार्यक्रम चलाकर के अद्वैत वेदांत के सिद्धांतों पर चलने वाले कार्य को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रमों के माध्यम से जन जन तक ऐसे विचार पहुँचाता है। इस अवसर पर व्याख्यानमाला कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री निरंजन शर्मा द्वारा शंकराचार्य जी के भारत भ्रमण के दौरान देशभर में दिए गए धर्म ज्ञान एवं समाज मे सामाजिक विचारों को जन जन तक पहुँचाने का कार्य किया है ।

## आज लांजी सिविल न्यायालय में होगा नेशनल लोक अदालत का आयोजन , राजीनामा के जरिए होगा मामलों का निपटारा



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** सिविल न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन एक महत्वपूर्ण पहल है, जो विवादों के समाधान के लिए वैकल्पिक मंच प्रदान करता है। लोक अदालत में, विवादों को सुलझाने के लिए समझौते और सुलह को प्रोत्साहित किया जाता है, जिससे औपचारिक न्यायिक प्रक्रिया से जुड़ी देरी और लागत से बचा जा सकता है। इसी तारतम में सिविल न्यायालय लांजी में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। फैमिली कोर्ट सहित सभी न्यायालयों में विभिन्न प्रकार के मामलों का निपटारा होगा। जानकारी अनुसार राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा माननीय प्राणेश कुमार प्राण प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष महोदय जिला न्यायालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट व श्रीमान्‌ सतीश शर्मा न्यायाधीश/ सचिव के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय बालाघाट एवं श्रीमान्‌ प्रीतम शाह, व्यवहार न्यायालय कनिष्ठ खंड, लांजी न्यायालय में आज 10 मई 2025 (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित आपराधिक शमनीय प्रकरण, दिवानी मामले, बैंक रिकवरी प्रकरण, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, सिविल, विद्युत अधिनियम, निगोशिएबल इस्ट्रूमेंट एक्ट के अंतर्गत चेक बाउन्स प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, श्रम प्रकरण, राजस्व मामले के प्रकरणों तथा प्रीलिटिगेशन के अंतर्गत बैंक, विद्युत, नगरपालिका के जलध्सम्पत्ति कर वसूली प्रकरणों व चेक बाउन्स प्रीलिटिगेशन प्रकरण आदि का आपसी राजीनामा के माध्यम से निराकरण किया जावेगा। तहसील विधिक सेवा समिति व्यवहार न्यायालय लांजी द्वारा अपील की जाती है कि आप अपने न्यायालयीन प्रकरण या जलकर, सम्पत्तिकर, विद्युत बिल, बैंक रिकवरी संबंधी प्रकरणों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से करवाना चाहते है, तो वह अपने अधिवक्ता/वकील के माध्यम से आपसी सुलह द्वारा आज 10 मई को जिला न्यायालय/तहसील न्यायालय में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाये।

# विद्युत की आंख मिचौनी से ग्रामवासियो में भारी आक्रोश

## जूनियर इंजीनियर मनीष मरकाम से नहीं संभल रहा है विद्युत वितरण केंद्र

### व्यवस्था नहीं सुधरी तो होगा आंदोलन

अरी। जनपद पंचायत बरघाट की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत अरी में विद्युत की विकराल समस्या बनी हुई है यहां पर पल-पल में लाइट बंद होना आम बात हो चुकी है जिससे ग्राम वासियों को भीषण गर्मी में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



अरी विद्युत वितरण केंद्र में जब से जूनियर इंजीनियर मनीष मरकाम ने पदभार ग्रहण किया है परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही है खम्बो में लगी केबल खराब हो चुके हैं जिन्हें ग्राम वासियों द्वारा बदले जाने के लिए कई बार आवेदन निवेदन कर किया गया है मनीष मरकाम द्वारा आश्वासन देने के पश्चात भी आज दिनांक तक पूर्ण रूपेण केवल नहीं बदला जा सका है जिससे आए दिन लाइट बंद हो जाती है कई बार तो रात-रात भर लाइट बंद रहती है जिसे सबसे ज्यादा समस्या उत्पन्न हो रही है बिजली गुल होने से सबसे ज्यादा समस्या पेयजल की हो रही है जहां प्रशासन द्वारा भीषण गर्मी में पेयजल के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं वहीं ग्राम अरी में पानी की टंकी ना भर पानी के कारण लोगों को पेयजल उपलब्ध समय पर नहीं हो पा रहा है जिससे ग्राम वासियो में भारी रोष प्राप्त है आए दिन पंचायत प्रतिनिधि व कर्मचारियों के साथ ग्राम वासियों की बहस होते रहती है पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा एसडीम महोदय बरघाट को भी शिकायत मनीष मरकाम की गई है, रात में लाइट बंद हो जाने पर ग्राम वासियों का फोन उठाने के लिए कोई भी कर्मचारी या अधिकारी मौजूद नहीं रहता है सारी रात ग्राम वासियों को अंधेरे में वह गर्मी में समय काटना होता है जुम्मा टोला में भी एक फेस की केवल सालों से खराब है जिसे उपयत्री द्वारा बदले जाने का आश्वासन तो दिया जाता है लेकिन नहीं बदल पा रहे हैं जिससे हर एक-दो दिन के अंतराल में रात में या तो फेस डम हो जाता है या लाइट ही बंद हो जाती है जिससे आधा मोहल्ला परेशानियां उठा रहा है लाइनमैन द्वारा दूसरे दिन 10 से 12:00 के बीच लाइन सुधारी जाती है यह आम बात हो चुके जिससे आम लोगों में भारी रोज व्याप्त है यदि संबंधित अधिकारियों के द्वारा शीघ्र ही समस्या का समाधान नहीं किया जाता है तो आंदोलन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## खबर संक्षेप

### अनुसूचित जनजाति खिलाडी छात्रों का चयन के लिए आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज सिवनी। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि शासन के निर्देशानुसार विकासखंड कुरई अंतर्गत खेल परिसर कुरई में सत्र 2025-26 के लिये अनुसूचित जनजाति खिलाडी छात्रों का चयन किया जाना है। जिसमें कक्षा छटवीं से कक्षा नवमीं तक के विद्यार्थी खिलाडियों का चयन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कक्षा नवमीं के बाद के खिलाडी का चयन राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खेल परिणाम के आधार पर किया जाना है। मिनी समूह में 11 से 14 वर्ष के खिलाडियों को, जूनियर समूह में 14 से 16 वर्ष खिलाडियों को एवं 16 से 18 वर्ष के खिलाडियों को सीनियर समूह में रख कर चयन किया जाना है।
उन्होंने बताया कि आवेदन फार्म प्राप्त करने की तिथि 10 मई से 10 जून 2025 तक निर्धारित की गई है।

# दो चाकूबाज पहुंचे जेल

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

दिनांक 03-05-2025 की रात्रि को थाना क्षेत्र के दो अलग अलग स्थानों में चाकूबाजी की घटना हुई जिसमें आहत राजा यादव निवासी सुफी नगर के साथ बरघाट नाका में स्कूटी खडी करने कि मामूली बात पर से आरोपी जुनैद उर्फ राज खान द्वारा धारदार चाकू से आहत को प्राणघातक चोट पहुंचाई गई जो प्रार्थी कि रिपोर्ट पर अप.क्र.- 194/25 धारा-109(1),296 ,351 (2) बीएनएस का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। उसी रात ग्राम बोरदई टेकरी में पुरानी रंजिश के चलते आरोपीगण सारिक उर्फ गोलू खान एवं सारिम खान द्वारा नोकदार, कंटीले एवं धारदार चाकू से आहत अल्ताफ उर्फ अल्तू खान को जान से मारने के इरादे से प्राणघातक चोटें पहुंचाई गई जो प्रार्थी की रिपोर्ट पर अप.क्र.- 195/25 धारा-109(1),296,351(2), 3 (5) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया। घटना के तत्काल बाद थाना प्रभारी सतीश तिवारी के नेतृत्व में दो अलग-अलग टीम गठित कर आरोपी जुनैद उर्फ राज खान को दिनांक-06/05/2025, सारिक उर्फ गोलू खान एवं सारिम खान को दिनांक 07/05/2025 को गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयुक्त घातक हथियार चाकू को जप्त किया गया। बाद विधिवत कार्यवाही की जाकर आरोपियों को माननीय न्यायालय पेश किया गया जो माननीय न्यायालय के आदेश से तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जिला जेल सिवनी निरुध्द कराया गया। सामाजिक, राजनैतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में अवैध हथियार लेकर घूमने वालों एवं चाकूबाजों के विरुध्द थाना डूंडासिवनी पुलिस की सख्त कार्यवाही जारी रहेगी।

### बंडोल पुलिस ने क्रूरता पूर्वक गौवंश परिवहन पर की कार्यवाही

# 7 नग गाय व 32 नग नाटा से भरा कंटेनर पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

**दिनांक 08/05/2025 को थाना प्रभारी बंडोल व्दारा विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि 10 चक्का ट्रक कंटेनर कं. HR-55-W-3900 रंग गेरूआ जिसमे मवेशी/गौवंश अवैध रूप से गले एवं पैरो में क्रूरता पूर्वक रस्सी बांधकर भरकर जबलपुर लखनादौन की ओर से कत्लखाने नागपुर ले जाने के लिये वाहन से परिवहन कर रहे है की मुखबिर सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए ग्राम राहीवाडा एन. एच. 44 हाईवे रोड श्री दादा जी पेट्रोल पंप के पास बंडोल मे वाहन 10 चक्का ट्रक कंटेनर क्रं. HR-55-W-3900 रंग गेरूआ एवं सफेद रंग की मारूति स्फिट कार क्रं. DL-SCU-0933 को नाकाबंदी कर पकडा गया।**



ट्रक कंटेनर क्रं. HR-55-W-3900 को चैक करने पर वाहन में 07 नग गाय व 32 नग नाटा कुल 39 नग गौवंश मवेशी ठूस ठूस कर क्रूरतापूर्वक जिनके सींग मुंह, गला, पैर बंधे हुये मिले तथा उक्त दोनो वाहन में 06 व्यक्ति बैठे मिले जिनसे पूछताछ करने पर ट्रक चालक ने अपना नाम शराफत पिता ताज उद्दीन उम्र 61 साल निवासी जल्लाबाद थाना धाना भवन जिला सामली उ.प्र. व साथ में बैठे व्यक्तियों ने अपना अपना नाम समशेर पिता मुन्ना अलवी मुसलमान उम्र 40 साल निवासी ग्राम स्थाना जिला बुलंदशहर थाना स्थाना उ.प्र. एंव सहजाद पिता कलवा मुसलमान उम्र 25 साल निवासी कस्बा शहजादपुर थाना इठौड जिला मेरठ उ.प्र. एंव कार में बैठे चालक ने अपना नाम अली अफ्फान पिता शमसाद हुसैन उम्र 22 साल निवासी B1/117,861 गली नं. 01 B ब्लाक कनी नगर दिल्ली थाना बेलगम व साथ में बैठे व्यक्तियों ने अपना अपना नाम अंन्सार पिता नजाद मुसलमान उम्र 40 साल निवासी पंजू सराय थाना कोतवाली संबल जिला संबल उ.प्र. एवं मोहम्मद जिगरान पिता सहाबउद्दीन उम्र 25 साल निवासी भोजपुर थाना भोजपुर जिला मुरादाबाद उ.प्र. के रहने वाले बताये तथा कंटेनर वाहन में क्रूरता पूर्वक अवैध गौवंश मवेशी परिवहन करते पाये गये कुल 39 नग गौवंश क्रूरता पूर्वक परिवहन करना एवं वाहन में भरकर करलखाने नागपुर ले जाना बताये। मौके पर कुल 39 नग गौवंश और 10 चक्का ट्रक क्रं.HR-55-W-3900, मारूति स्विफ्ट कार क्रं.DL-5-CU-0933 एवं 02 एनड्रायड मोबाईल कुल मशरुका 17,45,000 रूपये को जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया है। सभी आरोपियों के विरूध्द धारा 4, 6, 9, म. प्र.गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 6,7, म.प्र. कृषि उपयोगी संरक्षण अधिनियम, 6 (क), 6 (ख) (1) म.प्र.कृषक पशु परिरक्षण अधि. धारा- 11 (1) (प) पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम, 184 मो. व्ही. एक्ट के तहत अपराध पंजीबध्द कर विधिवत कार्यवाही की गई।
गिरफ्तार आरोपी मे ट्रक चालक शराफत पिता ताज उद्दीन उम्र 61 साल निवासी जल्लाबाद थाना थाना भवन जिला सामली उ.प्र. (2) समशेर पिता मुन्ना अलवी मुसलमान उम्र 40 साल निवासी ग्राम स्थाना जिला बुलंदशहर थाना स्थाना उ.प्र.(3) सहजाद पिता कलवा मुसलमान उम्र 25 साल निवासी कस्बा शहजादपुर थाना इठौड जिला मेरठ उ.प्र. (4) कार चालक अली अफ्फान पिता शमसाद हुसैन उम्र 22 साल निवासी B1/117,861 गली नं. 01 B ब्लाक कनी नगर दिल्ली थाना बेलगम (5) अंन्सार पिता नजाद मुसलमान उम्र 40 साल निवासी पंजू सराय थाना कोतवाली संबल जिला संबल 3.प्र.(6) मोहम्मद जिगरान पिता सहाबउद्दीन उम्र 25 साल निवासी भोजपुर थाना भोजपुर जिला मुरादाबाद उ.प्र.।



### स्कूटी फिसलने से महिला घायल

हरिभूमि न्यूज सिवनी। बंडोल थाना क्षेत्र के अलोनिया गांव के पास सुबह एक सड़क हादसा हुआ। सकारवती (37) नाम की महिला स्कूटी से घर से बंडोल की तरफ जा रही थी। अलोनिया गांव के पास उनकी स्कूटी अनियंत्रित होकर फिसल गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत पुलिस और 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। घायल महिला को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंचकर हादसे के कारणों की जांच कर रही है। घटनास्थल पर आमतौर पर लोगों और वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। हादसे के समय यदि वहां अधिक भीड़ होती, तो स्थिति और गंभीर हो सकती थी। पुलिस लगातार लोगों से वाहन सावधानी से चलाने की अपील कर रही है। इसके बावजूद लापरवाही के कारण इस तरह के हादसे हो रहे हैं।

# नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया ने संभाला कार्यभार



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

नगरपालिका परिषद में एक अहम प्रशासनिक निर्णय लेते हुए पूर्व अध्यक्ष शफीक खान को उनके पद से पृथक कर दिया गया है। यह निर्णय राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 37(2) के अंतर्गत लिया गया है। इस बदलाव के पश्चात, नगरपालिका परिषद सिवनी में अध्यक्ष पद रिक्त हो गया था, जिसे भरने के लिए शासन ने वार्ड क्रमांक-05 के पार्षद ज्ञानचंद सनोडिया को अध्यक्ष का नामित दायित्व सौंपा है। सनोडिया अब आगामी आदेश तक अथवा स्थायी अध्यक्ष के निर्वाचन तक, अध्यक्ष के सभी दायित्वों एवं अधिकारों का निर्वहन करेंगे। शासन द्वारा जारी आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि वह इस पद का कार्यभार संभालते हुए नगर की प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करेंगे। यह निर्णय शासन की ओर से प्रशासनिक सुगमता और नगरहित को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जिससे नगर पालिका के कार्यों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।



# अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक, चालक घायल

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिले के किंदरई थाना क्षेत्र के बख्सी ग्राम के समीप दोपहर 12 बजे एक सड़क हादसा हुआ। घंसौर से रायपुर जा रहा एक ट्रक मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रक चालक लग्न गोंड (पिता दौलत गोंड) गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। डायल 100 के पुलिसकर्मी मंगल सिंह आईयाम और चालक दीपेश बर्मन ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। किंदरई थाना प्रभारी जी.एस. राजपूत के अनुसार पुलिस हादसे की जांच कर रही है। दुर्घटना स्थल पर आमतौर पर लोगों और वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। घटना के समय कोई अन्य वाहन या व्यक्ति मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस लगातार लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील कर रही है। इसके बावजूद लोगों की लापरवाही के कारण हादसे हो रहे हैं।

### वर्तमान युगी श्रवणकुमार की मां की अंत्योष्टि मुख्य मोक्षधाम पर संपन्न

केवलारी। सिविल हॉस्पिटल में दिनांक 29अप्रैल 2025 को श्रीमती पूजा आदिवासी पति स्वर्गीय राजकुमार आदिवासी उम्र 110 वर्ष निवासी सेठानी घाट होशंगाबाद मध्यप्रदेश को अस्वस्थता के चलते एडमिट किया गया था।प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक के साथ केवल उसका पुत्र पुरुषोत्तम आदिवासी उम्र 78 वर्ष जो वृद्धावस्था अपनी बुढ़ी मां को व्हीलचेयर में तीर्थ दर्शन के लिए होशंगाबाद से विगत दो महीने पूर्व निकला था जो 29 तारीख को केवलारी पहुंचने पर तबीयत बिगड़ने पर



सिविल हॉस्पिटल केवलारी में भर्ती कराया गया था, पिछले 10 दिनो से सिविल हॉस्पिटल केवलारी में डॉक्टर ए के लखरा खंड चिकित्सा अधिकारी की देखरेख में इलाज रत श्रीमती पूजा आदिवासी का आज देहांत हो गया था। वन परीक्षेत्र अधिकारी अंकित नरवरे के दाह संस्कार की लकड़ी दान सहयोग व हॉस्पिटल प्रबंधन के सभी प्रकार के सहयोग से हॉस्पिटल के कर्मचारीयों मे प्यारेलाल वार्डवाय, सद्दाम खान चालक, नीरज चौहान, अनिल पटले,दिनेश सिंह ने मोक्षधाम पर पहुंचकर मृतक के 78 बर्षीय पुत्र पुरुषोत्तम आदिवासी के साथ 110 वर्षीय माता का अंतिम संस्कार किया । हॉस्पिटल से मुक्तिधाम जाते बक्त उपस्थित ए के लाखरा खंड चिकित्सा अधिकारी, श्रीमति जी लाकरा महिला सर्जन, रमाशंकर महोबिया, सुधीर पांडेय पत्रकार, पवन यादव अधिवक्ता,स्टाफ नर्स एवं कर्मचारी गणों उपस्थित थे।

# शा. कन्या उच्च.मा. विद्यालय में ऑन दी जॉब ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज केवलारी।

भारत की जनसंख्या धीरे धीरे इतनी बढ़ती जा रही है कि सरकार हर किसी को सरकारी नोकरी दे नहीं सकती।जनसंख्या वृद्धि के साथ बेरोजगारी भी बढ़ती जा रही है इसी को देखते हुए केंद्र सरकार ने व्यावसायिक शिक्षा चालू किया है जिसमें प्रत्येक जिले में शहरी क्षेत्रों में बच्चों को ऐसी शिक्षा दी जा रही है जिसको ग्रहण करके कुछ न कुछ व्यवसाय कर सकते है और रोजगार प्राप्त कर सकते हैं साथ ही कुछ लोगों को रोजगार दे सकते हैं। हमारे केवलारी क्षेत्र में सत्र 2024-25 शा. कन्या शाला में व्या. शिक्षा प्रदान की जा रही है जिसका अध्ययन कर बच्चे व्यवसाय सीख रहे हैं और आत्मनिर्भर बन रहे हैं।
शा. कन्या. उच्च. माध्य. विद्यालय केवलारी जिला सिवनी की कक्षा 10वी एवं12वी एगकल्चर छात्राओं ने भी व्या. शिक्षा अंतर्गत



मई माह में 20 दिवसीय ऑन दी जॉब ट्रेनिंग ली। जहाँ बच्चों को कृषि व्यवसाय संबंधी बहुत सी जानकारियां प्राप्त हुई। प्राचार्य के.के.गयाम व्या. नोडल अधिकारी शक्ति पटेल कॉर्डिनेटर वेलुएर फैबटेक्स प्राइवेट लिमिटेड श गगन वैद्य के मार्गदर्शन में व्यावसायिक प्रशिक्षक (V.T.) श शोभित उपाध्याय ओ जे टी

### मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी**। सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा बताया गया कि पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत एमपीटास पोर्टल पर शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिये नवीन/नवीनीकरण आवेदन 31 मई 2025 तक निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी समय-सीमा में एमपीटास



### विद्यार्थी परिषद ने कराया मॉक ड्रिल का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी**। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सिवनी जिले द्वारा आपातकालीन मॉक ड्रिल का आयोजन शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज सिवनी में किया गया जिसमें उनको आपात स्थिति में बिल्डिंग इवेकुलेशन, अग्निशामक यंत्र, तथा मेडिकल त्वरित सेवाओं के माध्यम से स्वयं को तथा अपने आस पास के लोगों को सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए। जिसमें प्रमुख रूप से सिवनी ग्रीष्मकालीन विस्तारक दीनदयाल ठाकुर, नगर मंत्री सुजल मिश्रा, नीतेश साहू सहित ,उमेश सनोदिया,केशव दूबे,हर्षित अवधिया,अतिशय जैन एवं नगर के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रो. कल्पना इंगले ने महाविद्यालय की प्राचार्य का कार्यभार ग्रहण किया



**हरिभूमि न्यूज सिवनी**। नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में दिनांक 9 मई 2025 को राजनीति शास्त्र विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापिका प्रो. कल्पना इंगले ने महाविद्यालय की प्राचार्य का कार्यभार आधिकारिक रूप से ग्रहण किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य प्रो. अमिता पटेल ने अपने समस्त कार्यभार उन्हें सौंपते हुए आने वाले भविष्य की उज्जवल कामना की। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गण एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे। सभी ने प्रो. अमिता पटेल की उच्च कोटि की कार्यप्रणाली एवं सभी को साथ लेते हुए महाविद्यालय को निरंतर आगे बढ़ाने, सफलताओं की नित नई-नई ऊंचाइयों को छूने, कठिन से कठिन लक्ष्य प्राप्त करने एवं मां स्वरूप सभी को स्नेह करने के गुणों की सरहाना की। उनके कार्यकाल में महाविद्यालय ने अनेक उपलब्धियां हासिल की है तथा सिवनी क्षेत्र में कन्या महाविद्यालय के रूप में अपनी अमित छाप छोड़ी है। इस अवसर पर सभी ने प्राचार्य प्रो. कल्पना इंगले के प्राचार्य पद संभालने पर उन्हें बधाइयां प्रेषित की एवं आने वाले समय में उनके साथ निरंतर कंधे से कंधा मिलाकर उनके मार्गदर्शन में महाविद्यालय के हित में कार्य करने हेतु साथ देने का संकल्प लिया।

### आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्रीमान सतीश चंद्र राय के मार्गदर्शन में दिनांक 7.5.2025 को आर.सी.टी. सेंटर सिवनी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में श्रीमती पायल परमार न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी नालसा अंतर्गत योजना एसिड हमले से पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं योजना, मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं योजना, की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उक्त शिविर में उपस्थित सुश्री गार्गी शर्मा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता योजना, गरीबी उन्मूलन योजना, महिला अपराध की जानकारी प्रदान की गई।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनी जिला सिवनी (म.प्र.)**

**ईश्तहार**

**जगदीश पिता कमलू सनोडिया जाति कुर्मी निवासी ग्राम सिल्लौर थाना कुरई तहसील कुरई जिला सिवनी (म.प्र.) ..............अपीलार्थी**

**विरूद्ध**

**जिसे कोई आपत्ति हो.......उत्तरवादी**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी जगदीश पिता कमलू सनोडिया जाति कुर्मी निवासी ग्राम सिल्लौर तहसील कुरई जिला सिवनी द्वारा न्यायालय तहसीलदार सिवनी भाग-2 के रा.प्र. / 3518 / अ-6/2023-2024 में पारित आदेश दिनांक 24-05-2024 के विरूद्ध म.प्र.भू.रा.सं. 1959 की धारा 44 के तहत इस न्यायालय में अपील प्रस्तुत किया है । जिसमें ग्राम वाडीवाड़ा प.ह.नं.-112 रा.नि.मं. - सिवनी भाग-2 तहसील व जिला सिवनी में स्थित भूमि ख.नं. 186 / 2 रकबा 0.44 हे. श्रीमती पर्वतबाई, चौशीलाबाई, हरकोबाई. गोधोबाई पिता प्रहलाद वगैरह के नाम दर्ज है। उक्त भूमि पर अपंजीकृत वसीयत के आधार पर निम्न न्यायालय के आदेश से दुखी होकर यह अपील प्रस्तुत की गई है ।
प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15-05-2025 को नियत है । इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 15-05-2025 को न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी सिवनी में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं । नियत तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी । यदि किसी कारणवश उक्त दिनांक को शासकीय अवकाश घोषित होता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में होगी ।
आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पदमुद्रा से सर्वसाधारण की सूचना हेतु ईश्तहार का प्रकाशन किया गया ।

**जारी दिनांक- 16-04-2025**
**पेशी तारीख- 15-05-2025**

सील

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनी**

### आगामी त्यौहारों के मद्देनजर कलेक्टर-एसपी ने ली कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक

# लोक शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिए दिये विस्तृत दिशा-निर्देश

## संवेदनशील व्यक्तियों को किया जायेगा बॉउंडओवर

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन एवं पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता ने गुरुवार 8 मई को आगामी त्यौहारों में कानूनी व्यवस्था बनाये रखने को लेकर सभी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये हैं। कलेक्टर एवं एसपी ने जिले के सभी क्षेत्रों की लोकशांति एवं कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिए सभी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों को अपने अनुभाग के संवेदनशील क्षेत्रों की मॉनिटरिंग रखने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अधिकारियों को इन क्षेत्रों के संयुक्त भ्रमण करने एवं अपने मुखबीर तंत्र को सशक्त करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया हैं। कलेक्टर सुश्री जैन ने अधिकारियों से कहा कि जिले की लोकशांति एवं कानून व्यवस्था को बनाये रखना जिला प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त



जिम्मेदारी है। पुलिस के अधिकारियों के साथ ही सभी राजस्व अधिकारी अपने कोटवारों एवं पटवारियों तथा अन्य मैदानी अमले को सतर्क रखें, मैदानी स्तर की सभी सूचनाऐं त्वरित रूप से प्रशासन तक पहुंचे। पुलिस अधीक्षक मेहता ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि सभी अपने मुखबीरों को सक्रिय करें और बेहतर कार्य करने वाले मुखबीरों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरूस्कृत भी करें। कलेक्टर एवं एसपी ने सभी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों को अपने क्षेत्रों के आपराधिक प्रवृत्तियों वाले संवेदनशील व्यक्तियों एवं गौवंश तस्करी में लिप्त संदिग्ध व्यक्तियों को भी चिन्हांकित करते हुए सभी को बॉउंड ओवर करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही ऐसे सभी व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमित की गई भूमि को भी चिन्हांकित कर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं। उन्होंने अधिकारियों को अपने क्षेत्र के सक्रिय मॉनिटरिंग के लिए निर्देशित किया है।

ऑपरेशन सिंदूर के तहत सुरक्षा जांच

# होटल-धर्मशालाओं में पड़ताल, सोशल मीडिया पर अफवाहों से बचने की हिदायत

**पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर लोगों को अफवाहों से सावधान रहने को कहा**





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट पुलिस ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया है। सीएसपी वैशाली सिंह कराहलिया और थाना प्रभारी विजय राजपूत ने शुक्रवार शाम को शहर की धर्मशालाओं और होटलों का निरीक्षण किया।

बस स्टैंड की धर्मशाला में सीएसपी ने रजिस्टर और यात्रियों के दस्तावेजों की जांच की। नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण बालाघाट में सुरक्षा को विशेष महत्व दिया जा रहा है।

सभी पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अपने क्षेत्रों में सक्रिय हैं। वारासिवनी एसडीओपी अभिषेक चौधरी ने खापा के एथेनॉल प्लांट और पटाखों की दुकानों का निरीक्षण किया। पुलिस मुख्यालय के आदेश पर सभी आवास स्थलों पर ठहरने वालों की जांच जारी है। अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वालों पर कार्रवाई होगी। पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर लोगों को अफवाहों से सावधान रहने को कहा है। सोशल मीडिया पर युद्ध या सैन्य गतिविधियों से जुड़ी अप्रमाणित पोस्ट शेयर न करने की हिदायत दी गई है। भड़काऊ या राष्ट्र विरोधी पोस्ट की सूचना तुरंत पुलिस को देने को कहा गया है।

लोगों को संदिग्ध लिंक से बचने और व्यक्तिगत जानकारी न शेयर करने की सलाह दी गई है। बिना अनुमति किसी भी कार्यक्रम के आयोजन पर रोक लगाई गई है।

बेलगांव में बाज़ार चौक के कुएं को रिचार्ज करने का कार्य हुआ प्रारम्भ

# गांवों की पहचान कुएं का ठंडा पानी और पीपल बरकरार रखने की कवायद प्रारम्भ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



कुएं का ठंडा पानी और पीपल की छांव हर गांव की पहचान रही है। इस पहचान को बरकरार रखने व सुदृढ़ करने के लिए अब ऐसे पुराने और बहुउपयोगी कुओं के रिचार्ज करने का अनोखा कार्य गांवो में प्रारम्भ हो गया है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने निर्देशन और जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ के मॉगदर्शन में प्रारंभिक तौर पर हर जनपद पंचायत में ऐसे 2-2 कुओं के लिए रिचार्ज करने का कार्य प्रारम्भ किया गया। इस कवायद में बालाघाट जनपद के हरदौली पंचायत के तिवड़ीखुर्द में 2 और लांजी की बेलगांव पंचायत के लोडामा गांव के बाजार चौक के कुएं से इसकी शुरुआत हो गई है। गांव के सचिव परते बताते है कि 20 वर्ष पुराना कुआं शुक्रवार को गांव में लगने वाले हाट बाजार में जलापूर्ति करता है। साथ ही गांव की 1198 में से आधे नागरिक इसी कुएं के पानी का उपयोग करते है। 35 फीट गहरे इस कुएं में पूरे वर्ष भर इतना पानी रहता है लेकिन जून में पानी का स्तर गिरने लगता है। अब इस कुएं के संवर्धन व जल संरक्षण के लिए रिचार्ज पीठ बनाने का कार्य करीब एक सप्ताह पहले प्रारम्भ किया गया है।

### नीचे चला जाता है जलस्तर

जनपद सीईओ ममता कुलस्ते ने बताया कि तिवड़ीखुर्द में 2 कुओं का रिचार्ज पीठ बनाया जा रहा है। यहां फरवरी में शंकरघाट पर मेला लगता है। इस दौरान जनवरी में ही इन कुएं का जलस्तर नीचे चला जाता है। गाँव की जनसंख्या 1871 है, गांव में नल जल योजना संचालित है।

### 10-10 फीट लंबाई-चौड़ाई और गहराई का पीठ हो रहा तैयार

सचिव श्री परते ने बताया कि गांव में पेयजल के अन्य स्त्रोत भी है लेकिन इस कुएं को वर्ष भर उपयोगी बनाने और जल संरक्षण के लिए चुना गया है। कुएं से 5 से 10 फीट दूर 10-10 फीट लंबाई-चौड़ाई और 10 फीट गहरा गड्डा किया गया है। अब इस गड्ढे में 3 फीट तक सबसे पहले बड़े पत्थर, फिर छोटे पत्थर के बाद 3 फीट तक मुरुम व बजरी का उपयोग किया जाएगा। साथ ही 9 फीट पर कुएं को गड्ढे से जोड़ने के लिए एक पाईप रखा गया है। जल गंगा संवर्धन अभियान में नई जल संरचनाओं के निर्माण कर साथ ही पुरानी जल संरचनाओ के संवर्धन का कार्य निश्चित तौर पर जल स्तर को बढ़ाएगा। इसके साथ ही बारिश से पूर्व वृहद स्तर पर पौधारोपण की तैयारी कर बारिश में पौधारोपण का अभियान भी इसी जल गंगा संवर्धन अभियान में शामिल है।

## आसिफ बेग का दुखद निधन, बिसोनी कब्रिस्तान में किया गया सुपुर्द ए खाक



**लांजी**। लांजी क्षेत्र के ग्राम बिसोनी निवासी आसिफ बेग का अस्वस्थता के चलते गृहग्राम बिसौनी में दुखद निधन हो गया। आसिफ बेग की मृत्यु की खबर सुनते ही बिसौनी सहित पूरे लांजी में शोक की लहर दौड़ गई।जानकारी अनुसार आसिफ बेग 55 वर्ष के थे, तथा अपने परिवार 7 भाई है जिनमें से तीन का इंतकाल हो चुका है। ग्रामवासियों ने बताया कि देवतुल्य इंसान हमें छोड़ कर चला गया ऐसा इंसान हर गांव को नहीं मिलता, जिसकी कमी ग्राम वासियों को हमेशा खलती रहेगी। कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक के मौके पर हर किसी की आंखें नम थी। इस मौके पर विधायक राजकुमार कर्राहे, पूर्व विधायक हिना कावरे, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक सरस्वार, मुकेश जोशी, ग्राम बिसौनी के उपसरपंच पवन कश्यप, सरपंच प्रतिनिधि विजय वारे एवं जनपद क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि एवं लांजी क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि एवं ग्राम के सरपंच उपसरपंच और सभी समुदाय के चाहने वाले उपस्थित रहे।

# आवेदक हो रहे परेशान; संकुल स्तर पर होगा वेरिफिकेशन

**अतिथि शिक्षक आवेदकों का दस्तावेज सत्यापन नहीं**

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट**। बालाघाट में नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए अतिथि शिक्षक पद के आवेदकों का दस्तावेज सत्यापन अभी तक शुरू नहीं हुआ है। लोक शिक्षण संचालनालय ने एक मई को सभी डीईओ, बीईओ और संकुल प्राचार्यों को निर्देश जारी किए थे। निर्देश के अनुसार, नए और पुराने आवेदकों को 2 मई तक पोर्टल पर दस्तावेज अपलोड करने थे। इसके बाद 3 से 13 मई तक संकुल प्राचार्य स्तर पर दस्तावेज सत्यापन होना था। लेकिन 9 मई तक कोई प्रक्रिया शुरू नहीं की गई। आवेदक दस्तावेज सत्यापन के लिए डाइट और एक्सीलेंस विद्यालय गए। वहां से कोई जवाब नहीं मिलने पर कलेक्टर और डीईओ कार्यालय पहुंचे। डीईओ अश्विनी उपाध्याय ने बताया कि अब पोर्टल शुरू हो गया है और संकुल स्तर पर दस्तावेज सत्यापन किया





जाएगा। आवेदक विशाल सोनी ने बताया कि वे तीन दिनों से कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। आगामी शनिवार, रविवार और सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा की छुट्टी है। समय सीमा बीत जाने की स्थिति में वे पात्र नहीं रह जाएंगे। आवेदकों ने दस्तावेज सत्यापन की तारीख बढ़ाने की मांग की है।

## डीईओ ने स्कूल शिक्षा एवं जनजाति कार्य विभाग के प्राचार्यों के साथ समीक्षा की

**बालाघाट**। जिला शिक्षा अधिकारी श्री एके उपाध्याय द्वारा शुक्रवार को जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं हाई स्कूल प्राचार्यों की समीक्षा बैठक शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट के सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सत्र 2025 के बोर्ड परीक्षा के परिणाम का विश्लेषण किया गया। वहीं विद्यालयों में नामांकन, अपार आईडी, एजुकेशन पोर्टल 3.0 में अतिथि शिक्षकों का वेरिफिकेशन, ऑनलाइन स्थानांतरण, अतिशेष शिक्षक प्रक्रिया पर निर्देश से अवगत कराया गया, सीएम हेल्पलाइन, पाठ्य पुस्तक वितरण, छात्रवृत्ति वितरण, पेंशन प्रकरणों का निराकरण, कर्मचारियों के स्वत्व का भुगतान की भी समीक्षा की गई।

## नगर के धोबी तालाब मे श्रमदान कर जल ही जीवन है का दिया संदेश

**बालाघाट**। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन मे तथा जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ के मार्गदर्शन मे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जल संरक्षण के प्रयास किये जा रहे है। मप्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सुशील बर्मन की सक्रिय सहभागिता से जिले के सभी विकासखंडो की विभिन्न जल संरचनाओं मे स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रयास से तथा आम जन की सहभागिता से तालाब गहरीकरण, घाटों की साफ-सफाई, बोरी बँधान जैसे आदि का कार्य किये जा रहे हैं। परामर्शदाताओ की पूरी टीम के द्वारा तालाब का गहरीकरण और साफ-सफाई का कार्य किया गया।

# 'चले रामराज्य की ओर' अभियान से जनक्रांति संभव : रोकड़े

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



गुरुदेव के नाम से प्रसिद्ध सम्यक अभियान के प्रमुख भास्कर राव रोकड़े ने आज बालाघाट जिला मुख्यालय में होटल कान्हा इन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि जातिगत जनगणना के बाद सबको समान अवसर देने हेतु सर्व-स्वीकार्य योजना का प्रारूप तैयार कर लिया गया है। महात्मा गांधी ने भोपाल प्रवास के दौरान संदेश दिया था कि स्वतंत्रता के बाद रामराज्य स्थापित करने हेतु संगठित व समन्वित हो प्रयास करने होंगे। जिसके लिए सम्यक अभियान के तहत इंदिरा ज्योति अभियान के साथ-साथ ₹चले रामराज्य की ओर नामक अभियान भी चलाया जाएगा।

श्री रोकड़े ने कहा कि मर्यादा-पुरुषोत्तम श्री राम ने आदर्श राजा के रूप में सर्व-स्वीकार्य शत-प्रतिशत समानतामूलक शासन व्यवस्था के प्रावधान बनाए थे। वे उन सभी प्रावधानों का पालन स्वयं करते थे तथा उन प्रावधानों का पालन करते हुए उन्होंने अकल्पनीय कष्टों व कठिनाइयों का सामना भी किया किंतु उन्होंने राजा व प्रजा के लिए नियम, व्यवस्था व प्रावधानों की अलग-अलग श्रेणियां नहीं बनाई। जिसके कारण उन्हें मर्यादा-पुरुषोत्तम के रूप में जाना व माना जाता है तथा आदर्श से भी आगे परमादर्श को उद्घाटित करती उनकी जीवन-गाथा को पढ़कर ही असाधारणता का आभास होने लगता है। जिसकी वजह से अवतारवाद की अवधारणा के अनुरूप उन्हें भगवान विष्णु के अवतार के रूप में धार्मिक जन-मान्यता प्राप्त हुई।

श्री रोकड़े ने कहा कि विश्व में आदर्श राजा के रूप में श्री राम को माना जाता है। लगभग सभी भाषाओं में श्रीराम के जीवन-दर्शन पर किताबें लिखी गई है। राम का भव्य मंदिर बना लेने मात्र से रामराज्य स्थापित नहीं किया जा सकता। राम मंदिर में पूजा करके चुनौती बनी समस्याओं का समाधान किसी करिश्में से संभव नहीं है। पराक्रम को सर्वोपरि मान्यता देने वाले श्रीराम के आदर्शो को अपनाकर समानतामूलक व्यवस्था स्थापित करने हेतु सामूहिक प्रयासों से ही रामराज्य स्थापित हो सकता है।

राम-पथ पर चलकर रामराज्य स्थापित करने हेतु संकल्पित प्रयासों की आवश्यकता है। देश में जातिगत जनगणना के उपरांत सबके लिए समान अवसर प्रदान हेतु कारगर पहल की गई तो निश्चित-रूप से हम महात्मा गांधी के रामराज्य स्थापित करने के स्वप्न को साकार रूप दे सकते है। चले रामराज्य की ओर अभियान के तहत जातिगत जनगणना के बाद समानतामूलक व्यवस्था के लिए बनाई गई योजना को प्रचारित व प्रसारित किया जाएगा।

# महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट के 6 छात्राएं महर्षि वैदिक लाइफ प्रशिक्षण कार्यक्रम में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट से छह छात्राओं का एक समूह विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती शारदा श्रीवास्तव के साथ भोपाल रवाना हुआ ,जहां ये सभी चयनित छात्राएं संपूर्ण भारत से अनेकों छात्र छात्राओं के साथ , महर्षि विश्व शांति आंदोलन एवं महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय समूह के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित महर्षि वैदिक लाइफ ट्रेनिंग कार्यक्रम में शामिल होंगे।यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 9 मई से 17 मई तक भोपाल में आयोजित किया जा रहा हैं,इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में चयन के लिए राष्ट्रीय कार्यालय द्वारा कक्षा नवमी से बारहवीं तक के बच्चों के लिए एक परीक्षा आयोजित की जाती है इसी चयन प्रक्रिया से होकर महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट की कक्षा नवमी से कृतिका हरिनखेड़े तथा कक्षा बारहवीं से सेजल नारनौरे,अंचल हरिनखेड़े,अंशिका मसकरे,अश्विनी हांडगे,और मृदुल पारधी का चयन किया गया है।प्रशिक्षण के दौरान इन सभी विद्यार्थियों को महर्षि महेश योगीजी का दर्शन पढ़ाया जाएगा साथ ही ये वैदिक परंपरा के अनुसार जीवन शैली का निर्वहन करेंगे ,इन सभी को वेदों के अध्ययन के साथ भावातीत ध्यान के अभ्यास के साथ महर्षि चेतना पर आधारित शिक्षा प्रणाली के विषय में भी बताते हुए , आधुनिकता और वैदिक जीवन शैली के बीच सामंजस्य बताते हुए इनके संपूर्ण व्यक्तित्व को परिष्कृत कर इसका विकास किया जाएगा जिससे इनका जीवन आनंदमय बन सके।विद्यालय के प्राचार्य सतीश कुमार चौरसिया ने इस सुनहरे अवसर के लिए विद्यार्थियों और अभिभावकों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

सराहनीय रहा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बघोली (ला.) का परीक्षा परिणाम

# दसवीं में अदिति चौधरी ने 96.4% तो 12 वीं में सागर टेंभरे ने 91.8 % अंक लेकर बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।



माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के द्वारा बीते 6 मई 2025 को दोपहर 10 बजे कक्षा 10 वीं और 12 वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया और परिणाम जारी होते ही छात्र-छात्राओं (इंटरनेट के माध्यम से) अपना परीक्षा परिणाम देखने के बाद बधाईयों का दौर जारी हुआ । हम बात करें लालबर्रा नगर मुख्यालय से 5 किलोमीटर दूर ग्राम बघोली स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा दसवीं एवं 12वीं में अध्ययनरत्र छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम बेहद सराहनीय रहा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बघोली में कक्षा दसवीं में अध्यनरत छात्रा अदिति पिता चैनलाल चौधरी 96.4% अंक लेकर प्रथम स्थान, शालू पिता गिरमाजी चौधरी 92.6 प्रतिशत और सुजल पिता लिंबाजी ठाकरे 92.6% अंक लेकर द्वितीय स्थान, भक्ति पिता मुकेश सोनवाने 91.2 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान और पलक पिता भागचंद चौधरी 90.6% अंक लेकर चौथे स्थान पर स्कूल की प्राविण्य सूची में नाम दर्ज किया।

इसी प्रकार कक्षा 12 वीं में सागर पिता धनेंद्र टेंभरे (गणित व अति. जीव विज्ञान विषय) में 91.8 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है खास बात यह रहीं की फिजिक्स में 100 में 100 नंबर प्राप्त किया है जिनकी सफलता से समूचे ग्राम में खुशी का माहौल निर्मित है वहीं राशि पिता राजेंद्र मेश्राम (जीव विज्ञान) 82% अंक लेकर द्वितीय स्थान, रोशनी पिता कन्हैयालाल धानेश्वर 81.6 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान, देवेश पिता नंदराम नागेश्वर 76.4% , रुचि पिता अशोक रंहागडाले 76% अंक लेकर स्कूल की ग्रामीण सूची में स्थान पाया है।

प्रेस चर्चा में स्कूल के प्रभारी प्राचार्य श्री हेमंत रहांगडाले ने बताया कि कक्षा दसवीं में विद्यार्थियों की संख्या 41 थी जिसमें 28 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इस प्रकार से कक्षा दसवीं का 68% रिजल्ट रहा। इसी प्रकार कक्षा 12 वीं में कुल 46 विद्यार्थी थे जिसमें 39 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए और 12 वीं का 85% रिजल्ट रहा। जो की सराहनीय और संतोषजनक रहा। श्री रहांगडाले जी ने आगे और बताया कि सत्र 2024 25 में शासन की लैपटॉप योजना अंतर्गत विद्यालय में पात्र विद्यार्थियों की कुल संख्या 5 है। और शासन की स्कूटी योजना अंतर्गत लाभार्थी विद्यार्थी छात्र सागर/ धनेंद्र टेंभरे और छात्रा राशि /राजेंद्र मेश्राम है।

## अलीशा खान ने हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किया

**लालबर्रा**। माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र. द्वारा 6 मार्च को घोषित 10 वी कक्षा के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक स्कूल लालबर्रा की छात्रा अलीशा खान ने कक्षा 10 वी में 97.4% अंक लाकर हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में प्रविण्य सूची में स्कूल में पहला स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम गौरवान्वित किया।कुमारी अलीशा को टाप फाइव में 500 में से 487 अंक प्राप्त हुए।अलीशा खान लालबर्रा तहसील अंतर्गत बोरी हाई स्कूल में पदस्थ उच्च श्रेणी शिक्षक अब्दुल हनीफ खान की पुत्री एवं वरिष्ठ पत्रकार मतीन खान की भतीजी है।



उर्वरक की कालाबाजारी होने पर एफआईआर दर्ज कराने के दिये निर्देश

# कृषि आदान विक्रेताओं की खरीफ पूर्व बैठक का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले के सभी कृषि आदान (बीज, उर्वरक, कीटनाशक) विक्रेताओं और कृषि आदान विक्रेता कम्पनी प्रतिनिधियों की बैठक शुक्रवार को कलक्ट्रेड सभाकक्ष के कक्ष क्रमांक 205 में आयोजित की गई। बैठक में उप संचालक कृषि श्री राजेश खोबरागड़े द्वारा कृषकों को गुणवत्ता पूर्ण एवं उचित दर पर कृषि आदान जैसे बीज, उर्वरक और कीटनाशक उपलब्ध कराने के लिए सभी कृषि आदान विक्रेताओं को कहा गया। साथ ही जिले में कही भी उर्वरक की कालाबाजारी होने पर एफआईआर दर्ज कराने के भी निर्देश दिए गए। वहीं यह भी बताया कि अमानक स्तर और गुणवत्ताहीन कृषि आदान विक्रय करते पाये जाने पर एफआईआर के साथ कठोर दण्डात्मक कार्यवाही भी की जायेगी।

### कृषि आदान विक्रेताओं को दिए निर्देश

कृषि उपसंचालक श्री खोबरागड़े ने बैठक के दौरान सभी कृषि आदान विक्रेताओ को निर्देश दिए है कि वे कृषि आदान गुण नियंत्रण के नियमों का पालन करें। साथ ही कृषकों को पक्का बिल आवश्यक रूप से प्रदान करें। कृषि आदान विक्रेता कम्पनी के प्रतिनिधियों को जिले में नवाचार संबंधी गतिविधियां के लिए विकासखण्ड मुख्यालयों के पास मुख्य सड़क के नज़दीक प्रदर्शन के रूप में करने के लिए कहा गया। जिससे राह से गुजर रहे कृषक आसानी से प्रदर्शन को देख सके और आने वाले समय में उसे अपना सकें।

### नरवाई जलाने संबंधी गतिविधियों में सतर्क रहें

श्री खोबरागड़े ने कहा कि नरवाई जलाने संबंधी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए विक्रय स्थल पर कृषि आदान सामग्री खरीदने आये किसानों को नरवाई ना जलाने की सलाह दी। चूँकि जिले में नरवाई जलाने पर एफआईआर की कार्यवाही जिले में की जा रही हैं। इसलिए इन कार्यवाहियों से बचें। नरवाई प्रबंधन के विकल्प के रूप में सुपर सीडर और हैप्पी सीडर जैसे कृषि यंत्रों का उपयोग करें, जिसमें फसल की जुताई और बोवाई का खर्च कम आता है। बेलर यंत्र की सहायता से नरवाई के बंडल बनाये जाते हैं, जिसे रखने और भण्डारण करने में आसानी होती है। इसके अतिरिक्त कृषक इन नरवाई के बंडलों को बेच कर अतिरिक्त आय का साधन बना सकते हैं। इसके साथ ही जिले में फसल विविधिकरण को बढावा देने के लिए मक्का फसल क्षेत्र विस्तारीकरण पर चर्चा की गई।बैठक में श्री मेघदुत परते द्वारा बीज अधिनियम 1966, उवर्रक नियंत्रण आदेश 1985 और कीटनाशक अधिनियम 1966 के प्रावधानों की जानकारी दी गई साथ ही कृषि आदान विक्रेतों द्वारा आवश्यक दस्तावेजो के संधारण एवं रख-रखाव के संबंध में विस्तार से बताया गया। इस दौरान राकेश बोहरा, जुगल किशो रखण्डेलवाल, प्रताप पिंचा, अंकुर रूसिया, हेमन्त साकला एवं अन्य कृषि आदान विक्रेता और कृषि आदान निर्माता कम्पनी के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

कुमारी दीक्षा यादव ने बनाया 98 प्रतिशत व प्रवीण नेताम ने 89 प्रतिशत अंक

# मोंटफोर्ट स्कूल गर्राटोला का परिणाम रहा शत प्रतिशत

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट**। 6 मई को माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। वहीं बिरसा क्षेत्र के मोंटफोर्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गर्राटोला तहसील बिरसा, जिला बालाघाट का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। कक्षा 10वीं हिन्दी माध्यम में कुल विद्यार्थियों की संख्या 37 थी जिसमें 30 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में व 7 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए वहीं कुमारी झरना पटेल ने 89 प्रतिशत बनाकर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा 26 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक बनाने में सफलता अर्जित की।

अंग्रेजी माध्यम की कक्षा 10वीं में 48 विद्यार्थियों में 11 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक तथा 28 बच्चों ने 80 व 90 प्रतिशत के मध्य और 9 बच्चों ने 70 व 80 के मध्य प्रतिशत बनाया। कुमारी दीक्षा यादव ने 98 प्रतिशत बनाकर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा बारहवीं हिन्दी माध्यम गणित, विज्ञान एवं कृषि संकाय में कुल विद्यार्थी की संख्या 48 थी जिसमें 26 विद्यार्थियों ने अस्सी से अधिक तथा 22 विद्यार्थियों ने 70 और 80 के मध्य प्रतिशत बनाया। विज्ञान संकाय में प्रवीण नेताम ने सर्वाधिक 89 प्रतिशत तथा कृषि संकाय से कुमारी दिव्या धुर्वे ने 87 प्रतिशत बनाकर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर डेविड इन्द्रवार, उपप्राचार्य ब्रदर संजीव अर्मो, ब्रदर किशोर रेड्डी तथा समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।